दिनांक 18.11.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ दुर्ग कलेक्टर अंकित आनंद आज प्रातः 06 बजे से नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के साथ निगम क्षेत्र के जोन क्र. 01, 02, 03, 04 के विभिन्न वार्डो, सार्वजनिक स्थलों, व्यवसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों, स़ड़क किनारें की सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, सामुदायिक सुलभ शौचालय, नालियों की सफाई, पावर हाऊस सब्जी मंडी एवं डिवाइडर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

कलेक्टर अंकित आनंद के द्वारा नेहरू नगर गुरूद्वारा से सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए भेलवा तालाब का भ्रमण कर आम नागरिकों से शहर को धुल मुक्त बनाने, पाॅलीथीन का उपयोग न करने एवं सफाई व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। उपस्थित गणमान नागरिकों के द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष भिलाई को सुन्दर एवं स्वच्छ बनाये रखने के लिए अपने विचार रखें। कलेक्टर महोदय ने नागरिकों से कहा कि आप लोगों के द्वारा निदान 1100 में प्राप्त शिकायत का निराकरण समय-सीमा के अन्दर किया जाता है। नेहरू नगर आवासीय क्षेत्र का भ्रमण करते हुए खाली प्लाटो में कचरा फेकने वालों, खुले में बासी खाद्य सामग्री के व्यवसाय करने वाले एवं गंदगी फैलाए जाने वाले व्यवसायियों एवं नागरिकों से अर्थदण्ड की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त को दिए गए। तथा डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वालें रिक्शा मित्रों से भी चर्चा कर समझाइश दी गई। तत्पश्चात् के.पी.एस. स्कूल से सूर्या माॅल एवं चन्द्रा मोर्या के सामने के सड़को का निरीक्षण करते हुए पावर हाऊस सब्जी मंडी पहुचे। जहा साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए व्यवसायिकों से अपील की गई प्रतिबंधित पाॅलीथीन का उपयोग न करने एवं मंडी की सफाई व्यवस्था बनाये रखनें में प्रशासन का सहयोग करें।

जनसम्पर्क अधिकारी